**प्रेस नोट** **15/09/2023**

**अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार–**

थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.09.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अल्देमउ गेट के पास से गुलाम नबी पुत्र जमालुद्दीन निवासी नेवादा थाना सहबरपुर आजमगढ़ के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 131/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के मवेशी की बिक्री के रुपये बरामद–**

थाना रामपुर पुलिस द्वारा दिनांक 14.09.2023 सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 93/23 धारा 379 भादवि में वांछित अभियुक्त दिलशाद पुत्र स्व0 असलम निवासी मर्यादपुर थाना रामपुर मऊ के कब्जे से चोरी के मवेशी (बकरी) की बिक्री के 04 हजार 500 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 411,413 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

**02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.09.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 311/23 धारा 313,376 भादवि में वांछित अभियुक्त गौतम चौहान पुत्र धर्मेन्द्र निवासी गुल्लीगढ़ थाना मुहम्मदाबाद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। साथ ही साथ थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 337/23 धारा 354बी,504,506 भादवि में वांछित अभियुक्त राकेश गुप्ता पुत्र जोखू निवासी सलाहाबाद मोड़ थाना कोतवाली मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया।

**नाजायज गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार–**

थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.09.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान हरनासाथ के पास से मुनेश्वर पुत्र मुरली निवासी हरनासाथ थाना मुहम्मदाबाद के कब्जे से 690 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 312/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।